दिनांक 04.01.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम प्रशासन ने 10 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

भिलाईनगर। भिलाई निगम में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 10 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। गौरतलब है कि विगत अक्टूबर से आर्दश आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण अधिकारी कर्मचारियों की बिदाई कार्यक्रम संपन्न नहीं हो पाया था , निगम सभागार में गुरूवार को 10 कर्मचारियों को बिदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शाॅल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान कार्य एवं अनुभव को साझा करते हुए सभी को सामंजस्य बनाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किए।

अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने श्री आरपी तिवारी जोन 03 जोन स्वास्थ्य अधिकारी, श्री रोहित कुमार वर्मा आ0 श्री द्वारिका प्रसाद फिटर जलकार्य विभाग, श्री परमानंद सिन्हा आ0 श्री लक्ष्मण सिन्हा चैकीदार जोन 03, श्री राजेन्द्र चन्द्राकर आ0 श्री झुमुक लाल, पंप सहायक जोन 03, श्री परमानंद आ0 श्री हन्नूराम चैकीदार कोष्ठागार विभाग, दिलीप बागड़े आ0 श्री मगरध्वज चैकीदार सिटी बस विभाग, श्री बिसाहू राम सिवारे आ0 श्री पुनु राम मजदूर जोन 01, श्री कन्हैया सिंह यादव फिल्ड वर्कर आ 0 श्री सीताराम यादव फिल्ड वर्कर राजस्व विभाग , छन्नूराम देवांगन आ 0 श्री रामदयाल देवांगन सफाई कामगार जोन 02, श्री लतखोर आ 0 स्व. मेहत्तर राम सफाई कामगार जोन 04 को निगम प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता डीके वर्मा , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा , बसंत देवांगन, संजय शर्मा, अजय शुक्ला, राज सच्चर, विश्वजीत सेनगुप्ता, शशिभूषण मोहंती, श्रवण ठाकुर, सहित अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।